नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

## उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत नांदोरा में शिविर का आयोजन

वर्धा - 17 फरवरी 2019: उन्नत भारत अभियान के तहत महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय ने पाँच गांवों का चयन किया। इसके अंतर्गत तलेगांव (टालाटुले), सोनेगांव बाई, चना टाकली, नांदोरा, सावंगी झाड़े इन गावों में विभिन्न उपक्रम चलाए जा रहे है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी समाज कार्य




अध्ययन केंद्र ने द्वितीय चरण में वर्धा जिले के नांदोरा गाँव में कैम्प का आयोजित किया है। इस कैंप का नेतृत्व कर रहे केंद्र के सहायक प्रोफेसर डॉ शिवसिंह बघेल ने बताया की समाज कार्य के विद्यार्थी गाँव में दो दिन रहकर गांव का संपूर्ण अध्ययन करेंगे। साथ ही पी.आर.ए. के माध्यम से गाँव का आर्थिक और सामाजिक अध्ययन भी करेगें। गाँव की प्रमुख समस्याओं का चयन कर उन समस्याओं को सुलझाने हेतु गाँव वालो के साथ चर्चा भी करेगें। दो दिन में गाँव वालों को रैली व नाटक-नुक्कड़ कर जागरूकता अभियान भी चलाएंगे। साथ ही विश्वविद्यालय में चल रहे फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से प्राध्यापक भी कैम्प के द्वितीय दिन पी.आर.ए. की प्रक्रिया में अपनी सहभागिता कर गाँव को समझने की कोशिश करेगें।